कर्टन रेजर प्रेस विज्ञप्ति

- **राजस्थान के पर्यटन विभाग के सहयोग से**
- **अहमदाबाद के 'साइक्लोन साइक्लिंग क्लब' द्वारा**
- **अरावली पर्वत श्रृंखला में होगा साइक्लिंग टूर**
- **1 सितंबर से 3 सितंबर अपनी ताकत आजमाएंगे लगभग 42 राइडर्स**

गुरूवार को आबू रोड से आरम्भ होगा साइक्लिंग टूर 'टूर ऑफ अरावलीज'

जयपुर, 30 अगस्त : अहमदाबाद के गैर लाभकारी साइक्लिंग क्लब 'साइक्लोन साइक्लिंग क्लब' अरावली पर्वत श्रृंखला में साइकिल चलाने का विशेष अभियान आयोजित कर रहा है। आमंत्रण के आधार पर आयोजित होने वाले साइक्लिंग के इस कार्यक्रम का नाम 'टूर ऑफ अरावलीज' है, जो 1 सितंबर को आरम्भ होकर 3 सितंबर को समाप्त होगा। इसमें साइकिल सवार राजस्थान की पर्वत श्रृंखला के पहाड़ी क्षेत्रों से होकर गुजरेंगे। राज्य में ईको टूरिज्म एवं साहसिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान का पर्यटन विभाग द्वारा इस साइक्लिंग टूर को सहयोग दिया जा रहा है।

350 किलोमीटर का यह टूर 1 सितम्बर को प्रातः 6.30 बजे माउंट आबू रोड से आरम्भ होकर रणकपुर में 3 सितंबर को समाप्त होगा और वहां पर्यटन स्थलों का भ्रमण भी किया जायेगा। राजस्थान की सुरम्य सुंदरता की पृष्ठभूमि में यह अभियान साइकिल राइडर्स की इच्छा शक्ति एवं शारीरिक शक्ति का परीक्षण होगा। 10,000 से अधिक फीट की ऊंचाई पर पहुंचने के साथ कुछ विशेष चढ़ाई पर इन राइडर्स को गुरुत्वाकर्षण के विपरीत जाना होगा। इस रोमांचकारी साहसिक यात्रा में ना सिर्फ प्रतिभागियों की सहनशक्ति का आकलन होगा, बल्कि उनकी दृढ़ता की परीक्षा भी होगी।

इस टूर में भारत और विदेश के करीब 42 अनुभवी राइडर भाग लेंगे। इन राइडर्स का मूल्यांकन एवं चयन निम्नलिखित मापदंडों के आधार पर किया गया है – राइडर्स का साइक्लिंग का अनुभव, शारीरिक शक्ति, शरीर के प्रकार और साइक्लिंग के क्षेत्र में उपलब्धियां।

सभी प्रतिभागियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आयोजकों द्वारा इस टूर के रूट पर पूर्व में टेस्ट राइड की गई है। राइडर्स की परफॉर्मेंस को बढ़ाने एवं उन्हें संभावित चोट से बचने के लिए बायोमैकेनिक्स की जानकारी देने के लिए एक विशेष फिजियोथेरेपी सत्र भी आयोजित किया गया है। पूरे टूर के दौरान आयोजकों द्वारा राइडर्स के लिए पौष्टिक भोजन, लग्जरी होटल में आराम की व्यवस्था, टूर के दौरान अल्पाहार की व्यवस्था के साथ–साथ तकनीकी सहायता भी प्रदान की जाएगी।

इस आयोजन के साथ, साइक्लोन साइक्लिंग क्लब का उद्देश्य शहर के नागरिकों में साइकिल चलाने को बढ़ावा देना है और लोगों को स्वस्थ एवं बेहतर जीवनशैली के लिए प्रोत्साहित करना है।

पर्यटन विभाग द्वारा इस टूर को विभाग की ऑफिसियल वेबसाइट और सोशल मीडिया साइट पर प्रमोट किया जा रहा है। इसके साथ ही राइडर्स की सुरक्षा प्रदान करने के लिए पुलिस और चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करने के लिये स्थानीय अथॉरिटीज के साथ समन्वय सहयोग दिया जा रहा है।

About Cyclone Cycling Club:

Cyclone Cycling Club, founded in 2012, is a people’s organization comprising of fun loving cycling enthusiasts who have come together to promote the cause of cycling for fitness, exercise, sport, recreation and commuting.

Cyclone is actively involved in promoting cycling and encouraging the citizens to cycle for a fitter and healthier lifestyle. Cyclone is also the umbrella organization for Ahmedabad Randonneurs (affiliated to Audax India Randonneurs and Audax Club Parisien, France), which is dedicated to conducting long distance rides known as BRMs – endurance cycling. Cyclone is conducting 200 Km, 300Km, 400Km, 600Km, 1000Km and 1200 Km rides under this affiliation for the last three years.

Cyclone, along with routine morning rides, also conducts special event based rides. Tour De Mount Abu, Environment day, Earth Hour day, Women’s day, No-Tobacco day, Cyclone Night Ride, Helen Keller Day Ride, No Horn Ride, City on Cycles Ride etc are few of the initiatives by Cyclone.

Taking Shri Narendra Modi’s message on cycling further, Cyclone is aggressively promoting cycling among Amdavadis under its “Cyclone Green Revolution” initiative. With over 600 cyclists, Cyclone has conducted more than 10 night rides to promote cycling culture thereby helping the community to lead a healthy life in a greener environment.

For more information, please visit: http://www.tourofaravallis.com

For further details, please contact:
Vinod Purohit
Cyclone Cycling Club
989898 0404

Media Coordination

Jagdeep Singh
M: 09829065787

Kamal Kant
M: 09571836810